# एल्यूमिनाई एसोसिएशन, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर की दिनांक 29.02.2020 को आयोजित एल्यूमिनाई मीट एवं 7वीं वार्षिक आमसभा का कार्यवृत्त

दिनांक 29–02–2020 को कृषि विश्वविद्यालय कानपुर की एल्यूमिनाई एसोसियेशन द्वारा कैलाश भवन में एल्यूमिनाई मीट 2020 एवं 7वीं वार्षिक आमसभा तीन सत्रों में आयोजित करायी गयी। इस अवसर पर एल्यूमिनाई एसोसिएशन कार्यकारणी परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहें। प्रथम सत्र के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 भारत सिंह जी, पूर्व कुलपति, आर0 आर0 बी0 एम0 विश्वविद्यालय, अलवर एवं पूर्व सदस्य, लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद, विशिष्ठ अतिथि डा0 बिष्णु प्रताप सिंह, निदेशक, सीमा, लखनऊ, मा0 कुलपति डा0 डी0 आर0 सिंह, डा0 एस0 के0 सिंह, एल्यूमिनाई अध्यक्ष, उपाध्यक्ष डा0 वी0 के0 यादव एवं डा0 मुनीश कुमार, महासचिव द्वारा 'दीप प्रज्जवलन' के साथ प्रारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति एवं ऐसोसिएशन संरक्षक डा0 डी0 आर0 सिंह ने की।

सर्वप्रथम मंच पर आसीन सभी गणमान्यों का स्वागत पुष्पगुच्छ के माध्यम से किया गया। तत्पश्चात मंच के माध्यम से विश्वविद्यालय, एल्यूमिनाई एसोसिएशन, एवं कृषि के क्षेत्र में योगदान के लिए आजीवन सदस्य डा0 भारत सिंह जी, डा0 बी0पी सिंह जी एवं डा0 हेमन्त कुमार जी को शाल, मोमेन्टो एवं साईटेशन के साथ मंचासीन गणमान्यों द्वारा सम्मानित किया गया।

सभी मंचासीन एवं सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए डा0 सत्येन्द्र कुमार सिंह, अध्यक्ष, एल्यूमिनाई एसोसियेशन ने एसोसिएशन के विज़न एवं मिशन के बारे में बताया तथा एल्यूमिनाई मीट के सफलता की कामना की। डा0 बी0 पी0 सिंह, विशिष्ट अतिथि ने कृषि विभाग उ0प्र0 की उपलब्धियों एवं विश्वविद्याालय में विद्यार्थी जीवन के अपने उद्‌गार व्यक्त किए। कार्यकम के मुख्य अतिथि डा0 भारत सिंह जी ने अपने विद्यार्थी जीवन एवं शिक्षण कार्यों के बारे में अपने विचारों से तथा विश्वविद्यालय के उपलब्धियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यकम के अध्यक्ष एवं एल्युमिनाई एसोसिएशन के संरक्षक डा0 डी0 आर0 सिंह जी द्वारा एल्युमिनाई एसोसिएशन के योगदान एवं भूमिका के बारे में विस्तार से अवगत कराया तथा एसोसिएशन के सदस्यों की संख्या बढाने पर बल देते हुए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रथम सत्र में ही मंचासीन महानुभावों द्वारा एल्युमिनाई एसोसिएशन द्वारा तैयार की गई एक 'स्मारिका' का विमोचन किया गया जिसमें भारत में "कृषि एवं ऋषि परम्परा एवं प्राकृतिक खेती का बढता महत्व" पर लेख, Illustrious Alumnus तथा आजीवन सदस्यों का उल्लेख किया गया है। प्रथम सत्र का धन्यवाद ज्ञापन डा0 वी0 के0 यादव, उपाध्यक्ष द्वारा दिया गया। प्रथम सत्र का सफल संचालन डा0 विनीता सिंह ने किया।

द्वितीय सत्र में ब्रेन स्टार्मिंग सेशन में **"कृषि एवं ऋषि परम्परा एवं प्राकृतिक खेती का बढ़ता महत्व"** विषय पर सभी का स्वागत करते हुए एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डा0 वी0 के0 यादव ने पर सभी वैज्ञानिकों एवं सम्मानित सदस्यों का आवाह्न किया। एल्युमिनाई एसोसिएशन अध्यक्ष, डा0 सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कृषि एवं ऋषि

General Secretary
Alumni Association
CSAU A&T, Kanpur



Scanned by CamScanner

परम्परा एवं प्राकृतिक खेती के बढ़ते रूझान एवं आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किया। तत्पश्चात आजीवन सदस्य एवं कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा0 एच0 पी0 चौधरी, डा0 भारत सिंह, डा0 राधेश्याम सिंह, डा0 ए0 पी0 सिंह इत्यादि ने अपने सरगर्मित विचारों से सभी को लाभान्वित किया। सभी का विचार था कि आज की मॉग के अनुसार कृषि एवं ऋषि परम्परा तथा प्राकृतिक खेती को चरणबद्ध ढंग से लागू करने की परम आवश्यकता है। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गौ आधारित प्राकृतिक खेती को अपनी कृषि नीति में सम्मिलित कर लिया गया है।

तृतीय सत्र में सर्वप्रथम डा0 मुनीश कुमार, महासचिव द्वारा एल्यूमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं अन्य सभी पदाधिकारियों एवं सम्मानित अजीवन सदस्यों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा पूर्व में अयोजित कार्यपरिषद की बैठकों एवं दिनांक 24.03.2017 को आयोजित 6वीं वार्षिक आमसभा के कार्यवृत्त एवं Action Taken Report से अवगत कराया जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी। तत्पश्चात डा0 मुनीश कुमार, महासचिव द्वारा 7वीं आमसभा के विचार एवं चर्चा हेतु निम्न एजेन्डा प्रस्तुत किये तथा निम्न निर्णय सर्वसम्मति से लिये गये–

1. महासचिव द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस वाले दिन रविवार होने के कारण एक दिन पहले कार्यपरिषद द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस बार एल्यूमिनाई मीट 2020 एवं 7वीं वार्षिक आमसभा 29.02.2019 को आयोजित की जा रही है जिसका विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।
2. एल्यूमिनाई एसोसिएशन का लेखा जोखा चार्टेड एकाउन्टेन्ट द्वारा आडिट कराकर महासचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी सदस्यों द्वारा राय व्यक्त की गयी कि, दो बैंको के स्थान पर एल्यूमिनाई एसोसिएशन का खाता एक बैंक में संचालित किया जाना उचित होगा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।
3. महासचिव द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान कार्यकारिणी कार्यकाल पूरा हो चुका है । अतः नयी कार्यकारिणी के चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी नियुक्ति किया जाय। जिस पर सदस्यों द्वारा विचारोपरान्त डा0 यू0 डी0 अवस्थी, सहायक प्राध्यापक, भूमि संरक्षण जल प्रबन्ध विभाग, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर को चुनाव अधिकारी एवं डा0 अजीत प्रताप सिंह, जैन इरीगेशन कानपुर को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त करने का सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।
4. 50 वर्ष से कम आयु के आजीवन सदस्यों को सम्मानित करने के सम्बन्ध में सदस्यों द्वारा अनेक मत व्यक्त किये गये जिस पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस कार्य हेतु एक कमेटी गठित कर नियम परि–नियम बनाने के उपरान्त ही लागू किया जाय।

General Secretary
Alumni Association
CSAU A&T, Kanpur



Scanned by CamScanner

5. महासचिव द्वारा वर्ष 2021 में एल्यूमिनाई एसोसिएशन के द्वारा एक अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स आयेजित करने का प्रस्ताव रखा जिस पर विस्तृत चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से वर्ष 2021 में अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

6. सभी छात्र–छात्राओं के विश्वविद्यालय में प्रथम बार प्रवेश लेने के समय ही एल्यूमिनाई एसोसिएशन की सदस्यता शुल्क के रूप में रू0 1000/– मात्र लिया जाय जिससे भविष्य में बैच एवं कालेजवाइज एल्यूमिनाई मीट का आयोजन किया जा सके। उक्त के लागू करने हेतु नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर ली जाय।

7. इस अवसर पर एल्यूमिनाई एसोसिएशन के आजीवन सदस्यों द्वारा विभिन्न विचार रखे गये जिसमें विचार–विमर्श के उपरान्त निम्न निर्णय लिये गये

- एल्यूमिनाई एसोसिएशन के आजीवन सदस्यता लेने के लिये अन्तिम तिथि 31 मार्च 2020 रखने का निर्णय लिया गया।
- चुनाव निर्धारित समय में एल्यूमिनाई एसोसिएशन के बायलॉज के अनुसार पूर्ण किये जायें।

अन्त में वार्षिक आम सभा की बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुयी।

16/3/2020
(मुनीश कुमार)
महासचिव
General Secretary
Alumni Association
CSAU A&T, Kanpur

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
अध्यक्ष
President
Alumni Association
CSAU&T, Kanpur

Approved
18/

Vice Chancellor
C.S. Azad University of
Agriculture & Technology
KANPUR



Scanned by CamScanner